तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 17 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
जल संकट: कटघोरा के वार्ड क्रमांक 2 में पानी के लिए मचा हाहाकार



## खबर संक्षेप

### मतगणना के लिए प्रशिक्षण 24 को

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन के मतगणना हेतु विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के तहत जिले में 24 मई को प्रातः 10 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट कोरबा के नवीन सभाकक्ष में श्रीकांत वर्मा, पुलक भट्टाचार्य एवं शीतल अग्रवाल द्वारा मतगणना का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर आयोजन आज

**कोरबा।** वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे (विश्व उच्च रक्तचाप दिवस) पर चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में विशेष आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन 17 मई को श्री शिव औषधलय एमआईजी 20 आरपी नगर फेस 2 निहारिका में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। शिविर के विषय में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल ने बताते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगो को हाइपरटेंशन के प्रति जागरूक करना है, ताकि न केवल हाइपरटेंशन से अपितु हाइपरटेंशन से संबंधित अन्य बीमारीयों से भी बचा जा सके। छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे।

### पीएमजी पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का समय पर निराकरण करें

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट में पीएमजी पोर्टल अंतर्गत दर्ज प्रकरणों तथा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसईसीएल गेवरा, कुसमुण्डा, कोरबा, दीपका परियोजना अंतर्गत खदान विस्तार, भू-अधिग्रहण, प्रभावित ग्रामों की समस्याओं का निराकरण और मुआवजा सहित भू-विस्थापितों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में गेवरा-पेंड्रा रेल्वे लाइन, भारतमाला परियोजना के कार्यों की प्रगति के संबंध में भी चर्चा करते हुए कलेक्टर ने एनओसी आदि के संबंध में चर्चा कर परियोजना के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, अनुपम तिवारी, कटघोरा एसडीएम सरोज महिलांगे, एसईसीएल दीपका के महाप्रबंधक अनिल सक्सेना, एसईसीएल गेवरा के एसके मोहन्ती, कुसमुण्डा के महाप्रबंधक राजीव सिन्हा, इरकॉन, सीएसपीडीसीएल के अधिकारी कोरबा एवं कटघोरा वनमण्डल के एसडीओ भी उपस्थित थे।

### अब गणित में पीएचडी कर सकेंगे जिले के छात्र

**कोरबा।** दर्री रोड स्थित श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय को गणित विषय में शोध केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस आशय की अधिसूचना अटल बिहार वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा जारी कर दी गई है। गणित विषय में शोध केंद्र स्थापित होने के पश्चात गणित से संबधित विषय में छात्र-छात्राओं को अब भटकना नहीं पड़ेगा। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन (टोनी) ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा गणित विषय में शोध केंद्र स्थापित करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में कुछ दिनों पूर्व ही अटल बिहारी वाजपेयी बिलासपुर द्वारा गठित एक समिति द्वारा श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया था। जिसके पश्चात समिति द्वारा विश्व विद्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। समिति की रिपोर्ट के अवलोकन एवं उनके द्वारा की गई अनुशंसा के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा श्री अग्रसेन महाविद्यालय कोरबा को गणित विषय में शोध केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान कर दी है।

# ठेकेदार काम करने में नहीं दिखा रहे रूचि, जल्द होंगे ब्लैक लिस्टेड

## जल जीवन मिशन, पीएचई के कार्यों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर अजीत वसंत ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा जिले के अंतर्गत चिन्हित सभी ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु किए जा रहे कार्यों को समय पर पूर्ण कराएं। जिन ग्रामों में ठेकेदारों द्वारा कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है उनकी सूची बनाकर ब्लैक लिस्ट करने का प्रस्ताव बनाएं।

उन्होंने समय-सीमा समाप्त होने के पश्चात कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों की बैठक आगामी सप्ताह में आयोजित करने तथा कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश पीएचई के कार्यपालन अभियंता एके बच्चन को दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जल-जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता होनी चाहिए तथा लोगों के घरों में समय पर पानी पहुंचना चाहिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देशित किया कि ऐसे कार्य जो 100 प्रतिशत पूर्ण हो गए हैं उन ग्रामों का निरीक्षण विभागीय इंजीनियरों के माध्यम से कराकर ग्रामों में पेयजल की उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन के कार्यों को करने वाले ठेकेदारों से कार्य पूर्ण कराने के पश्चात ही उन्हें भुगतान करें और भुगतान से पहले ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन अवश्य किया जाए। कलेक्टर ने पीएचई और क्रेडा द्वारा किए गए कार्यों तथा अधूरे कार्यों की ग्रामवार समीक्षा की और 15 दिवस के भीतर अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने हेतु टास्क बनाकर तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में क्रेडा अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने साइट क्लीयरेंस, सर्वे संबंधी समस्या को दूर करने तथा सोलर पंप वाले ग्रामों में आवश्यक सोर्स शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्रेडा अंतर्गत प्रगतिरत 174 कार्यों को 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा करने तथा शेष अन्य कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कटघोरा तथा कोरबा डिवीजन अंतर्गत पीएचई के कार्यों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण वाले ग्राम पंचायतों की सूची बनाकर सरपंच, ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- अधूरे कार्यों को समय पर पूर्ण कर घरों तक पानी पहुंचाने कलेक्टर अजीत वसंद ने दिए निर्देश



## 13 करोड़ की लागत से होना है काम, ग्लोबल टेंडर के लिए शासन से मांगी गई है अनुमति

# बांगो बांध के बकेट व स्लीप- वे में सुधार के लिए 8 बार टेंडर, अब तक नहीं मिले ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध का निर्माण जब से हुआ है तब से बांगो बांध के बकेट व स्पिल-वे की एक बार भी मरम्मत नहीं हो पाया है। अब इसकी मरम्मत के लिए पिछले दो साल से जल संसाधन विभाग 8 बार टेंडर बुला चुका है लेकिन अब तक विभाग को इसकी मरम्मत के लिए योग्य ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं जिसकी वजह से इस साल भी इसका काम हो पाना नजर नहीं आ रहा है। जिसके चलते इस बारिश में भी बांगो बांध के बकेट व स्लीप वे को पानी की मार झेलनी पड़ेगी।

ज्ञात रहे कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध जो प्रदेश का सबसे बड़ा बांध है जिसकी पानी से कोरबा जिले व आसपास के पड़ोसी जिलों के जहां संयंत्र संचालित होते हैं तो वहीं दूसरी ओर हजारों किसानों के खेतों की प्यास भी बूझती है। सन 1990 में इस बांध का निर्माण हुआ था। तब से लेकर आज तक इस बांध से संयंत्र व खेतों की प्यास बुझ रही है और इस बांध से ही जल संसाधन विभाग हर वर्ष करोड़ों रुपए राजस्व भी हासिल करता है। पिछले तीन दशकों से बांगो ⏭ शेष पेज 3 पर



फाइल फोटो

### इस बारिश में भी झेलनी होगी मार

वर्षा ऋतु का दौर 15 जून से माना जाता है और वर्षा ऋतु आने में महज एक महीना ही शेष रह गया है। ऐसे में टेंडर कर इसका सुधार कार्य हो पाना अब संभव नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में इस बारिश में भी बांगो बांध के बकेट और स्लिप वे को बांगो बांध के गेट खुलने की स्थिति में मार झेलनी पड़ेगी और विभाग द्वारा यदि ग्लोबल टेंडर की प्रक्रिया की जाती है तो इससे बारिश के बाद पुनः टेंडर किया जाएगा और बारिश के बाद ही इसे सुधार कार्य किया जाएगा। ऐसे में इस साल इसका काम हो पाना संभव नजर नहीं आ पा रहा है। बारिश के बाद ही अब इसमें कुछ सुधार कार्य होने की उम्मीद है।

### लगभग 45 फीसदी पहुंचा है बांगो बांध का वाटर लेवल

प्रदेश का सबसे बड़े बांगो बांध का वाटर लेवल 15 मई की स्थिति में 45 फीसदी जा पहुंचा है। बताया जाता है कि बांध का वाटर लेवल 348.77 मीटर जा पहुंचा है जबकि बांध का कुल जलभराव क्षमता 359.66 मीटर है। मौजूदा स्थिति में बांध में बने हाइडल प्लांट को मात्र 3 घंटे ही संचालित किया जा रहा है जिससे 375 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित हो रहा है और यही पानी हसदेव दर्री बराज पहुंचने के बाद संयंत्रों को दिया जा रहा है। अब वाटर लेवल आधे से भी कम हो चुका है। जिसके चलते जल संसाधन विभाग के अधिकारी संयंत्र को जिंदा रखने के लिए ही हाइडल प्लांट को चंद घंटे ही संचालित कर रहे हैं। हालांकि अब बारिश को आने में महज एक महीना ही शेष है लेकिन एक महीने में भी वाटर लेवल लगभग 40 फ्रीसदी तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। जिसके चलते अब फूंक फूंककर ही हाइडल प्लांट को संचालित किया जा रहा है इससे पहले लगभग 2 महीने तक हाइडल प्लांट को लगातार संचालित किया गया था और किसानों को रबी फसल व निस्तारी के लिए लिए भरपूर पानी दिया गया था।

### ग्लोबल टेंडर के लिए किया गया पत्राचार

बांगो बांध के बकेट व स्लीप-वे के सुधार कार्य के लिए लगभग 13 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। 8 बार टेंडर की प्रक्रिया की जा चुकी है लेकिन योग्य ठेकेदार नहीं होने की वजह से कोई भी ठेकेदार टेंडर नहीं भर रहा है। अब ग्लोबल टेंडर के लिए पत्राचार किया गया है अनुमति मिलते ही ग्लोबल टेंडर बुलाया जाएगा और बकेट व स्लीप-वे का सुधार कार्य किया जाएगा।

**संतोष तिवारी,** ईई, जल संसाधन विभाग बांगो बांध

# चिटफंड के डायरेक्टर की जेल में बिगड़ी तबियत, मौत



अस्पताल में मृतक को मरच्यूरी ले जाते कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चिटफंड के मामले में जिला जेल में बंद एक डायरेक्टर की अचानक तबियत बिगड़ने पर जेल प्रबंधन द्वारा उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया है। बताया जाता है कि तीन दिन पहले ही मृतक को जगदलपुर जेल से कोरबा जेल शिफ्ट किया गया था जहां उसकी पहले से ही बीपी और हार्ट की दवाई चल रही थी।

जानकारी के अनुसार अबीर कुंडू 57 वर्ष पिता गणपति कुंडू चिटफंड के मामले में जगदलपुर जेल में बंद था जिसका मामला जिले के बालको थाने में भी दर्ज था। बताया जाता है कि 12 मई को अबीर कुंडू को जगदलपुर जेल से कोरबा जिला जेल शिफ्ट किया गया था जहां उसकी बीपी और हार्ट की दवाई चल रही थी। जहां गुरुवार की शाम 5:15 बजे अबीर कुंडू की जेल में अचानक तबियत बिगड़ने लगी जिसके उपरांत आनन फानन में जेल प्रबंधन द्वारा उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां अस्पताल प्रबंधन द्वारा उसकी ईसीजी कराई गई और चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि अबीर कुंडू चिटफंड कंपनी का डायरेक्टर था और उसके ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- चार दिन पहले ही जगदलपुर जेल से कोरबा जेल किया गया था शिफ्ट
- पहले से ही बीपी व हार्ट की चल रही थी दवाई

# तेंदुए का शिकार, पिता-पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेंदुए का शिकार किए जाने के मामले में वन अमले की टीम ने तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण की बछड़े को तेंदुए ने मार गिराया था जिससे आक्रोश में आकर बछड़े में जहर मिला दिया गया था जिसे पुनः खाने से तेंदुए की मौत हो गई थी और उसके अंगों को काटकर ले गए थे। इस मामले में तीनों ग्रामीणों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात रहे कि कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट के अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 25 में बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे एक तेंदुए को मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा था। जहां तेंदुए की मौत की सूचना पर वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे जहां शिकारियों ने तेंदुआ का शिकार किया था और उसके महत्वपूर्ण अंगों को काटकर ले भागे थे। मामला सामने आने के बाद आला अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए डॉग स्क्वाड की टीम को बुलाया गया था लेकिन रात होने की वजह से कल कार्यवाही नहीं हो पायी थी। गुरुवार की सुबह लगभग 5 बजे डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाया गया जहां घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक बछड़ा मरा पाया ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- बछड़े को तेंदुए ने उतारा था मौत के घाट, जिससे आक्रोशित था ग्रामीण
- बछड़े में जहर मिलाकर तेंदुए का किया गया था शिकार





वन विभाग द्वारा पकड़े गए आरोपी।

### तेंदुए के अंग अब तक नहीं हुए हैं बरामद

वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शिकार के मामले में तीन लोगों को भले ही गिरफ्तार कर लिया है लेकिन गुरुवार की देर रात तक इस मामले में तेंदुए के प्रमुख अंगों को वन हमले की टीम बरामद नहीं कर पाई है। कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि वन विभाग की टीम अभी मामले की जांच में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही तेंदुए के अंगों को भी बरामद कर लिया जाएगा।

# राज्य शासन के माध्यम से किया जाए सीएसआर मद का व्यय : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सीएसआर मद का व्यय व निर्माण कार्य राज्य शासन से संपादित करने और केन्द्र सरकार से आवश्यक समन्वय बनाने का आग्रह किया है।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि पिछले विधानसभा सत्र के दौरान कई विधायकों के माध्यम से उद्योगों के लाभ से सृजित होने वाली सीएसआर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद से होने वाले कार्यों की जानकारी शासन से मांगी गई थी। छत्तीसगढ शासन स्तर पर उक्त मद में व्यय करने संबंधी किसी भी प्रकार के नियम व अधिकार अंतर्निहित नहीं होने के कारण उद्योग विभाग द्वारा न कोई कार्य संपादित किया जा ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- उद्योग मंत्री ने मुख्यमंत्री से रखी मांग
- प्रदेश में अभी सीएसआर राशि के व्यय पर राज्य सरकार का अधिकार नहीं



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते लखन।

### सीएसआर के तहत सालाना एक हजार का खर्च

प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय स्तर की सार्वजनिक और निजी उपक्रम, अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट सहित सभी उद्योग सीएसआर मद के तहत सालाना एक हजार करोड़ खर्च करते हैं। मंत्री श्री देवांगन का प्रयास है की राज्य शासन के माध्यम से ये राशि खर्च हो ताकि उद्योगों से प्रभावित लोगों के साथ साथ ज्यादा जरूरत जैसे स्वास्थ, शिक्षा, कुपोषण, सिंचाई, आधारभूत संरचना पर सीएसआर राशि खर्च हो।

## थैलेसीमिया और सिकलिंग के मरीज हो रहे परेशान

# डोनर के भरोसे चल रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का ब्लड बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड की किल्लत से जूझ रहा है। यहां के ब्लड बैंक में हर महीने जितने ब्लड की जरूरत होती है उसका आधा ब्लड ही अस्पताल में उपलब्ध हो पाता है। खासतौर पर सिकलिंग और थैलेसीमिया के मरीजों के लिए यह परिस्थितियां बेहद घातक हैं

जिले के अस्पतालों में खून की कमी से थैलेसीमिया और सिकलिंग के मरीज परेशान हैं। इन मरीजों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से निःशुल्क ब्लड दिया जाता है, लेकिन मांग के अनुरूप ब्लड की सप्लाई काफी कम है। ब्लड बैंक पूरी तरह से ब्लड डोनर के भरोसे ही चल रहा है, जबकि ज्यादा ब्लड डोनर भी सामने नहीं आ रहे ऐसे में जरूरतमंद मरीजों को निजी ब्लड बैंक का भी सहारा लेना पड़ रहा है। सिकलिंग और थैलेसीमिया के मरीजों को हफ्ते 15 दिन या महीने में नियमित तौर पर ब्लड चढ़ाना पड़ता है। यदि इन मरीजों को समय पर खून नहीं दिया गया, तो उनकी मौत भी हो सकती है। शहर का मेडिकल कॉलेज अस्पताल हो या फिर अन्य अस्पताल सभी ब्लड के लिए ब्लड बैंक पर ही आश्रित रहते हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में यदि कोई ब्लड डोनेशन कैंप लगे तो भी बमुश्किल 50-60 यूनिट ही ब्लड मिलता है। जरूरत के हिसाब से यह बेहद कम है। खास तौर पर थैलेसीमिया और सिकलिंग के मरीज इससे बेहद परेशान रहते हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल जैसे सरकारी संस्था में मरीजों को ब्लड लगभग निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। बाध्यता यह है कि जरूरतमंदों को अपने साथ एक डोनर को लाना पड़ता है। हालांकि इमरजेंसी के मामले में यह बाध्यता समाप्त कर दी जाती है और आयुष्मान कार्ड से यह राशि वसूल कर ली जाती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क ब्लड प्राप्त हो जाता है, लेकिन निजी ब्लड बैंक में डोनर और 1400 रूपए देने होते हैं। एक तरह से यह डोनेटेड ब्लड का हैंडलिंग चार्ज कहा जा सकता है।



### सामाजिक संस्थाओं के भरोसे चल रहा ब्लड बैंक

आचार संहिता के प्रभाव के कारण ब्लड डोनेशन के बड़े कैंप नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण ब्लड बैंक में खून की किल्लत है। सामान्य दिनों में भी खून की कमी बनी रहती है, लेकिन वर्तमान परिवेश में किल्लत ज्यादा ही विकराल हो चुकी है, ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में जब कोई जरूरत मरीज पहुंच जाए या इमरजेंसी में किसी को ब्लड की जरूरत हो तो वह सीजी हेल्प वेलफेयर सोसाइटी जैसे संस्थानों से संपर्क करते हैं। ऐसे संस्था से जुड़े सदस्य और उत्साही लोग ब्लड डोनेट करते हैं।

### केवी एनटीपीसी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परिणाम में लहराया परचम

**कोरबा।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक- 2, एनटीपीसी के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्राचार्य एसके साहू ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। 12वीं कक्षा का विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग दोनों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग में धृति गुप्ता ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, आस्था सोनी ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने दुकान की छत तोड़ पार किया सामान

**अम्बिकापुर।** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। क्षेत्र में चोर इस कदर सक्रिय है कि हर दूसरे-तीसरे दिन किसी न किसी क्षेत्र में चोरी घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए है। बीती रात भी चोरों ने ग्राम असोला स्थित दुकान के एल्वेस्टर छत को तोड़ सामान चोरी कर ले गए। संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गोधनपुर निवासी प्रयांशु जायसवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम असोला मुख्य मार्ग में हरि मंगलम एंटरप्राइजेज दुकान है। मंगलवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह दुकान खोला तो देखा दुकान के एल्वेस्टर छत टूटा हुआ था और दुकान में रखे दो लैपटॉप गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### किराए के मकान में रह रही युवती ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** शिवनंदनपुर मुख्य बाजार सेंट्रल बैंक के पीछे किराए के मकान में रहने वाली बाईस वर्षीय युवती ने घर के कंडी में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करने के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा है। मृतका सायना अंसारी आत्मज सफीक अंसारी निवासी धनपुरी शहडोल जो कि मुसरा मनेंद्रगढ़ निवासी भगवान सिंह से प्रेम विवाह की थी, पिछले करीब डेढ़ वर्ष से पति -पत्नी के रूप में दोनों साथ में शिवनंदनपुर स्थित सेंट्रल बैंक के पीछे किराए के मकान लेकर रह रहे थे। गुरुवार के सुबह जब उसका पति दुकान जा रहा था तब मृतिका सायना ने उसे आज छुट्टी ले लेने को कहा जिस पर उसके पति ने कहा कि दुकानदार को बता कर आता हूं, दुकान से जब उसका पति वापस लौटा तो पाया कि सायना कंडी में दुप्पटे के सहारे फांसी लगा ली है।

## प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर की 8.51 लाख की ठगी, रायपुर से चार आरोपी गिरफ्तार

# तंत्र मंत्र के जाल में फंसाकर एक करोड़ बनाने का देते थे झांसा, जाली नोट थामकर हो जाते थे गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस ने एक शातिर चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपियों द्वारा 8.51 लाख रुपए को तंत्र मंत्र के जरिए एक करोड़ रुपए में बदलने का झांसा देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया। आरोपी प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर नगद लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने जब आरोपियों को गिरफ्तार किया तो उनके पास मौजूद जाली नोटों, नकली सोने के बिस्किट का जखीरा देखा तो उनके भी होश उड़ गए। पुलिस ने आरोपियों से ठगी के 1.95 लाख रुपए नगद के साथ ही दोनों तरफ छपे हुए 500 के 2100 नग कुल 10 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का जाली नोट, 500 का एक तरफ प्रिंट जाली नोट 2500 नग कुल 12 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का जाली नोट, 80 नग नकली सोने का बिस्किट, प्रिंटर, ए फोर साइज पेपर, नोट गिनने की मशीन सहित तंत्र मंत्र का सामान बरामद किया है। आज इस मामले का खुलासा एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने किया है। पुलिस के अनुसार मणीपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरढोढ़ी निवासी जगसाय राजवाड़े ने की एक अज्ञात व्यक्ति से फोन पर बातचीत होती थी। अज्ञात व्यक्ति खुद को महाराष्ट्र का निवासी बताता था। 29 अप्रैल को उक्त व्यक्ति घूमने के नाम पर उसके घर पहुंच गया और चाय पीने के साथ ही बताया कि उसका हर्बल प्रोडक्ट का कारोबार है।

युवक अपने कारोबार के नाम पर अंबिकापुर चला गया और 30 अप्रैल को एक अन्य युवक के साथ लौटा। दूसरे व्यक्ति ने बताया कि वह नागपुर से देवी दर्शन कर लौटा है और जगसाय राजवाड़े को प्रसाद के नाम पर कुछ मीठा खाने को दिया दिया। मीठा खाकर वह बेहोश हो गया और जब बाद में परिवार के सदस्य घर पहुंचे और उसे उठाया तो देखा कि दोनों अज्ञात व्यक्ति जा चुके थे। ऐसे में उसने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने जब जगसाय का बयान दर्ज किया तो उसने बताया कि घटना के पश्चात उन्होंने अपने घर के सामान का मिलान किया जिसमें घर की पेटी में रखे 8 लाख 51 हजार रुपए गायब थे। ऐसे में अज्ञात बदमाशों द्वारा उसे नशीला पदार्थ खिलाकर 8 लाख 51 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है।

**खास बात**

- शातिर गिरोह प्रदेश में लोगों को बना रहा था ठगी का शिकार



पुलिस गिरफ्त में आरोवी जब्त जाली नोटन व अन्य सामान।

### कार के सुराग से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पुलिस द्वारा इस मामले में घटना स्थल की जांच करने के साथ ही सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसके बाद आरोपियों के स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 8451 से फरार होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मामले में रायपुर में घेराबंदी कर कार चालक रायपुर भीमनगर निवासी 31 वर्षीय शीत कुमार सोनवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी सुकदेव साहू, गिरधारी साहू व आंसू झा उर्फ अभय के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बिलाईगढ़ सारंगढ़ बरमकेला निवासी 35 वर्षीय सुकदेव साहू, रायपुर उरला निवासी 32 वर्षीय गिरधारी साहू उर्फ राजा व उड़ीसा टिटलागढ़ मूरी बाहर निवासी 36 वर्षीय अभय उर्फ अंशु झा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को धारा 328, 120 (बी), 420, 489 (क), 489(ग), 489 (घ), 489((ड.) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, एसआई प्रेम सागर खुटिया, सउनि अजीत मिश्रा, नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, भोजराज पासवान, पन्नालाल, गणेश कदम्ब, आरक्षक मनीष सिंह, विकास सिंह, अतुल शर्मा, समीर तिर्की, विकास मिश्रा शामिल रहे।

### प्रिंटर से छापते थे नकली नोट

पुलिस ने जब आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके मकान की तलाशी ली गई तो उनके होश उड़ गए। आरोपी अपने पास रखे कलर प्रिंटर व ए-4 साइज पेपर से 500 से जाली नोट छापने का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी के रकम में से शेष 1लाख 95 हजार 105 रुपए नगद, घटना मे प्रयुक्त 11 नग मोबाइल सहित 500 का दोनों तरफ प्रिंट नोट 2100 नग कुल 10 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का जाली नोट, 500 का एक तरफ प्रिंट जाली नोट 2500 नग कुल 12 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का जाली नोट, नोट गिनने का मशीन 1 नग, कलर प्रिंटर 1 नग, स्कैनर 1 नग, 4 नग कलर प्रिंटर का, सोने का नकली बिस्कुट जैसा 80 टुकड़ा, एक पीतल का कलश व ढक्कन, पूजा का समान पैकेट में जिसमे लाल काल पिला लाल कपड़ा, रोली, चावल, रुद्राक्ष माला 01 नग, ए-4 साइज के पेपर मे एक साइड प्रिंट किया हुआ 500 का नोट 655 पन्ना, ए-4 साइज के आधा पन्ना मे 500 का एक साइड प्रिंट किया हुआ 1325 पन्ना, ए-4 साइज के आधे पन्ने मे दोनों साइड मे प्रिंट किया हुआ 500 का नोट 92 पन्ना बरामद किया गया।

#### एक करोड़ के झांसे में आया युवक, पुलिस को किया गुमराह

आरोपियों को पकड़े जाने के बाद एक और खुलासा हुआ। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने जगसाय राजवाड़े को 8.51 लाख रुपए को तंत्र मंत्र से एक करोड़ रुपए में बदलने का झांसा दिया। वे इसी तरह लोगों को फोन कर तंत्र मंत्र से रकम को एक करोड़ तक बढ़ा देने का झांसा देते है। 30 अप्रैल को जगसाय भी उनके झांसे में आ गया और तंत्र मंत्र के नाम पर उसे प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर उन्होंने ठगी की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने बताया कि तंत्र मंत्र के दौरान दो आरोपी घर के अंदर आए थे जबकि उनका एक साथी कार में इंतजार कर रहा था व चौथा आरोपी रायपुर में बैठकर पूरे वारदात की मॉनिटरिंग कर रहा था जबकि प्रार्थी के अनुसार आरोपी सिर्फ उसे नशीला पदार्थ खिलाकर फरार हो गए थे और बाद में उसे पता चला की साढ़े आठ लाख गायब है। बयानों से इस बात की पुष्टि हुई है कि जगसाय साढ़े आठ लाख रुपए को एक करोड़ करने के झांसे में आया लेकिन शुरुआत में उसने इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी। पुलिस आरोपियों से ठगी के अन्य रकम के लिए रिमांड में लेकर पूछताछ करेगी।

### अन्य जिलों में भी दिया घटना को अंजाम

पुलिस की इस कार्रवाई से पुष्टि हुई है कि शातिर ठग गिरोह कलर प्रिंटर से नकली नोट छापता था। आरोपी लोगों से फोन पर सम्पर्क कर रकम को तंत्र मंत्र से बढ़ाने का झांसा देते थे। आरोपी रकम को सामने रखकर तंत्र मंत्र का ढोंग करते थे और मौका मिलते ही रुपए लेकर फरार हो जाते थे। बड़ी बात यह है कि आरोपी जहां भी वारदात को अंजाम देने जाते थे वहां होटल लॉज में नहीं रुकते थे और वारदात के दिन पहुंचकर ठगी कर सीधे रायपुर भाग जाते थे। आरोपियों ने इसी तरह कई लोगों को अपने जाल में फंसाया है लेकिन जानबूझकर इस तरह तंत्र मंत्र के चक्कर में फंसकर ठगी का शिकार हुए लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से नहीं की। इस लिए अब तक इस तरह का मामला सामने नहीं आ पाया और आरोपी बड़े आराम से वारदात को अंजाम दे रहे थे। अब पुलिस अन्य जिलों व राज्यों में सम्पर्क कर आरोपियों के रिकार्ड खंगाल रही है जिससे और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने लोगों से आह्वान किया है कि यदि वे इन आरोपियों के ठगी के शिकार हुए है तो पुलिस को इसकी सूचना दे सकते है।

### चल रही है जांच

आरोपियों द्वारा तंत्र मंत्र का आड़ लेकर ठगी की घटना को अंजाम दिया जाता था। आरोपियों के पास से जाली नोट, नकली सोने की बिस्किट व अन्य सामान बरामद किया गया है। आरोपी कलर प्रिंटर में नकली नोट छाप रहे थे। फिलहाल आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद और भी जानकारी सामने आएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक को किया गया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सोशल मीडिया पर बच्चों व महिलाओं की अश्लील फोटो वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। लुंड्रा पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा नाबालिग के चाइल्ड अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर डाला गया था। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में लुंड्रा पुलिस ने अमगांव निवासी 27 वर्षीय फ्रांसिस तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिमकार्ड जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भारत लाल साहू, सउनि चंद्रप्रकाश केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक नामूल राम, आरक्षक अनिल बड़ा, निरंजन बड़ा, वीरेंद्र खलखो, अनिल मरावी शामिल रहे।

## एनएच 43 के ब्लैक स्पॉट का किया गया चिन्हांकन

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन व सुरक्षा की दृष्टि से सुधार हेतु अधिकारियों ने निरीक्षण किया। एनएच के साथ ही सरगुजा पुलिस, लोनिवि व अन्य विभागों के अधिकारियों ने दुर्घटना जनित स्थानों का निरीक्षण कर सुधार के लिए कार्ययोजना तैयार की है। कार्य योजना को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा।






## खबर संक्षेप

### रेडियोग्राफर को अब कार्य के सत्यापन के बाद मिलेगा वेतन

**कोरबा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा में पदस्थ रेडियोग्राफर श्रीमती सूरजमनी नीलम के वेतन आहरण के संबंध में खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा को निर्देशित किया गया है कि वे रेडियोग्राफर श्रीमती सूरजमनी नीलम की मासिक उपस्थिति पंजी प्रतिमाह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को 20 तारीख तक प्रेषित करेंगे और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सत्यापन व लिखित सूचना उपरांत ही उक्त कर्मचारी का वेतन आहरण करना सुनिश्चित करेंगे। रेडियोग्राफर के संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत को व्हाट्सएप से शिकायत हुई थी, कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ सहित बीएमओ को आवश्यक निर्देश देकर रेडियोग्राफर की उपस्थिति का सत्यापन के पश्चात वेतन आहरण के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों को इस आशय से निर्देश जारी किया गया है कि स्वास्थ्य संस्थाओं में किसी भी अशासकीय व्यक्ति को अनाधिकृत रूप से विभागीय कार्य में संलिप्तता न हो, इसका विशेष ध्यान रखें तथा अपने अधीनस्थ पदस्थ सभी स्वास्थ्य अमलों के पदीय संस्था में दैनिक उपस्थिति की सतत निगरानी रखते हुए उनका मुख्यालय में निवास सुनिश्चित करें। यदि किसी विकासखंड में निरीक्षण के दौरान अथवा किसी माध्यम से किसी स्वास्थ्य अमला के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के उपरांत भी उनका वेतन आहरण होने या अनाधिकृत व्यक्ति के संस्था में कार्य में संलिप्त होने की जानकारी प्राप्त होने पर प्रथम दृष्टया स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों-कर्मचारियों को जवाबदेह मानते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में लॉटरी से निकली एडमिशन की पर्ची

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में सीटों की तुलना में दोगुने, तिगुने आवेदन स्कूलों को प्राप्त हुए थे। आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण 15 मई को लॉटरी की प्रक्रिया को पूरा किया गया। कोरबा में कुल 55 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। खासतौर पर अंग्रेजी माध्यम के 13 विद्यालयों में प्रवेश के लिए अधिक मारामारी है।
स्वामी आत्मानंद स्कूल पंप हाउस में बुधवार की सुबह 9.30 बजे ही अभिभावकों को बुलाया गया था। दोपहर के बाद तक लॉटरी की प्रक्रिया चलती रही। बड़ी तादाद में स्कूल पहुंचे अभिभावकों ने ही खुद अपने बच्चों के नाम की चिट निकाली, जिन अभिभावकों के बच्चों का नाम लॉटरी में निकला है, उन्हें प्रवेश मिलेगा। ये बच्चें खुशी-खुशी घर लौटे, जबकि जिनका नाम लॉटरी में नहीं आया। उनके चेहरे पर मायूसी दिखी। हालांकि शासन के नियमों के तहत ही लॉटरी की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। कोरबा के आत्मानंद स्कूल में पहली कक्षा में 50 सीटें हैं, जबकि अन्य कक्षाओं में वैकेंसी के आधार पर सीट की उपलब्ध संख्या के आधार पर बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। बच्चों को प्रवेश लेने का समय दिया जाएगा। यदि किसी कारणवश कोई बच्चा प्रवेश नहीं लेता, तो हम वेटिंग लिस्ट से बच्चों को प्रवेश देंगे। 50 फीसदी की संख्या में वेटिंग लिस्ट भी निकाली जाएगी।
राज्यभर में स्वामी आत्मानंद स्कूलों की स्थितिः राज्य भर के सभी 33 जिलों में कुल 751 आत्मानंद स्वामी संचालित हैं। इनमें से कोरबा में 55 स्कूल मौजूद हैं। इनमें 13 स्कूल अंग्रेजी माध्यम वाले हैं। जहां प्रवेश के लिए अधिक मारामारी रहती है। राज्य भर के 751 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 14 हजार 216 शिक्षक अध्यापन का काम पूरा करते हैं। जहां पढ़ने वाले कुल छात्रों की संख्या 4 लाख 50 हजार 562 है। आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पंप हाउस के प्राचार्य विवेक लांडे ने कहा कि शासन से प्राप्त नियमों के तहत लॉटरी की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। 50 फीसदी सीटों पर गर्ल्स को एडमिशन दिया गया है। शेष सीटों पर संख्या से अधिक आवेदन के अनुसार ही लॉटरी की प्रक्रिया पूरी की गई है। पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से लॉटरी की प्रक्रिया को पूरा किया गया है, जो अभिभावक यहां मौजूद हैं।

## जिले को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता से मुक्त कराने स्वास्थ्य विभाग चला रहा अभियान

# पोंडी-उपरोड़ा ब्लाक के 55 लोगों ने कराई मोतियाबिन्द सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑख है तो समझिए सारा जहां आपके पास व साथ है, इसके बगैर इंसान की दुनिया में अंधेरा ही अंधेरा है। कोरबा जिले को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता से मुक्त करने के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का नेत्र चिकित्सा विभाग लगातार प्रयासरत है।

डॉ.एसएन केशरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में मोतियाबिन्द का ऑपरेशन नहीं कराने की व्याप्त गलत धारणा के कारण केवल सर्दियों में मोतिबिन्द का ऑपरेशन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह धारणा निराधार है जिससे उपचार में अनावश्यक देरी हो सकती है साथ ही आगे और दृष्टिगत समस्या हो सकती है। सीएमएचओ ने बताया कि दूर या पास का कम दिखाई देना, गाड़ी ड्राइव करने में समस्या और दूसरे व्यक्ति के चेहरे के भावों को न पढ़ पाना आँखों में मोतियाबिन्द विकसित होने के लक्षण हैं। चश्मे यालेंस से स्पष्ट दिखाई न देने पर सर्जरी ही एकमात्र विकल्प बचता है जिसकी सलाह आवश्यकता पड़ने पर नेत्र विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। डॉ.सुमित गुप्ता, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम ने बताया कि राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मरीजों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन तथा गुणवत्तापूर्ण दवाई तथा देखभाल करने के साथ ही वनांचल एरिया तथा दुर्गम क्षेत्र के मरीजों को अस्पताल तक लाना शामिल है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाभ लेते हुए ग्राम पोंड़ी उपरोड़ा के 55 ग्रामीण मरीजों ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया, जो कि यह दर्शाता है कि लोगों की केवल सर्दियों में ऑपरेषन कराने की धारणा बदल रही है। मोतियाबिन्द की सर्जरी बिल्कुल भी दर्दनाक नहीं होती है। यह लगभग सुरक्षित सर्जरी है और इसकी सफलता की दर काफी अच्छी है। सीएमएचओ डॉ.केशरी ने जिले के नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि किसी विशिष्ट मौसम या समय की प्रतीक्षा करते हुए आवश्यक उपचार या सर्जरी को स्थगित ना करें। मोतियाबिन्द के इलाज में देरी करने से दृष्टि संबंधी समस्या और अधिक बिगड़ सकती है और आपके दैनिक जीवन पर इसका हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि आँखों में कोई समस्या हो तो संपूर्ण जांच के लिए नेत्र चिकित्सक से परामर्श लें और मोतियाबिंद सर्जरी के संबंध में उनके मार्गदर्शन पर ध्यान दें। जिले के मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में मोतियाबिन्द जांच और सर्जरी की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। साथ ही इस दृष्टिगत समस्या के संबंध में नेत्र चिकित्सकों, नेत्र सहायक अधिकारियों एवं चिकित्सालयीन कर्मचारियों को विषेष रूप से प्रोत्साहित भी किया गया है।



मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले महिलाएं।



## बालवाड़ी शिक्षकों व आंबा कार्यकर्ताओं का हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा विकासखंड अंतर्गत बालवाड़ी में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण 15 से 17 मई तक आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ। इस प्रशिक्षण में एलिमेंट्री एजुकेशन को बेहतर बनाने हेतु विशेष पहल किया जा रहा है।

**खास बात**

- एलिमेंट्री एजुकेशन को बेहतर बनाने की विशेष पहल

शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण को कटघोरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आईपी कश्यप ने बच्चों के स्तर सुधार एवं क्षमता विकास के लिए प्रभावित कदम बताया। खंड स्त्रोत समन्वय पहलाद साहू ने प्रशिक्षण के महत्व स्कूल रीडीनेस एवं परिवेश निर्माण पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ईसीसीई का परिचय, अधिगम शैली, बच्चों की अवधारणा, बालकों की सहभागिता, प्रारंभिक वर्षों के लिए शिक्षण पद्धति, अनुकूल शिक्षण पद्धति पर चर्चा की जाएगी। मास्टर ट्रेनर्स राकेश कुमार चौहान, प्रभा भारद्वाज एवं विजय कुर्रे प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण में संकुल समन्वय समीम खान का विशेष योगदान दिया गया।

## सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरी

नगर के परमेश्वर देवांगन परिवार द्वारा पितरों मोक्षार्थ हेतु सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन बद्रीनाथ धाम के श्री वेंदात कुटीम आश्रम उत्तराखंड मे 12 से 18 मई तक की जा रही है जिसमें शामिल होने नगर क्षेत्र के सैकडों श्रद्वालु पहुंच चुके है। पितरों मोक्षार्थ हेतु देवांगन परिवार द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन बद्रीनाथ धाम उत्तराखंड मे कथा व्यास श्री अनुज कृष्ण शास्त्री बालव्यास महराज के सानिध्य मे 12 से 18 मई तक किया जा रहा है। श्रीमद भागवत के प्रथम दिवस 12 मई रविवार को बद्रीनाथ धाम के श्रीमद भागवत स्थल से महिलाओं की कलश शोभायात्रा कथा व्यास के अगुवाई मे निकाली गई। कलश शोभायात्रा पतत पावनी गंगा नदी किनारे पहुंच कर विधिवत गंगा पूजन आरती के साथ सभी कलशों मे गंगा जल भर कर श्रीमद भागवत स्थल पर सभी कलशों की स्थापना वेदी पूजन के साथ धुधंकारी चरित्र वर्णन एंव विधि सप्ताह विधि भक्ति ज्ञान वैराग्य के साथ श्रीमद भागवत कथा की शुरुआत की गई। कथा के दूसरे दिवस 13 मई को कर्दम देवहूति चरित्र और कपिल कथा का वर्णन गीता संगीत के साथ किया गया 14 मई को सती चरित्र शिव विवाह दधिची ऋषि कथा और जडभरत चरित्र का वर्णन कथाव्यास श्री अनुज कृष्ण शास्त्री द्वारा श्रीमद भागवत कथा के दौरान पूरा विवरण भाव पूर्ण के साथ कहां गया। भागवत कथा मे शामिल होने नगर के आसपास क्षेत्र के भागवत प्रेमी उत्तराखंड बद्रीनाथ धाम पहुच चुके है।



## बालको ने समुदाय में सुरक्षा संस्कृति के विकास को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने सामुदायिक विकास पहल के अंतर्गत समुदाय में सुरक्षा की संस्कृति के विकास को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल किये है। सभी प्रशिक्षण सत्र रोड, फायर और होम सेफ्टी पर केंद्रित हैं। सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कंपनी नें समुदाय के 10 प्रमुख क्षेत्रों में 35 यातायात संकेतक स्थापित किए हैं। इस पहल से समुदाय के 4 हजार सदस्यों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा मिला है।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष में सफलतापूर्वक 70 से अधिक सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये। विभिन्न सत्रों, क्विज़, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग के माध्यम से कंपनी ने स्कूली बच्चों सहित समुदाय के 2 हजार लोगों को सुरक्षा प्रशिक्षण दिया है। कंपनी ने 16 मास्टर ट्रेनर विकसित किए हैं जो समुदाय के भीतर बालको के शून्य क्षति संस्कृति को आगे बढ़ाएंगे। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालको युवाओं के अंदर सुरक्षा संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बालको एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न पहल का आयोजित किया गया है। सड़क सुरक्षा के प्रति ट्रक ड्राईवर सहित समुदाय में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सड़क सुरक्षा कैलेंडर लॉन्च किया था। सुरक्षा कैलेंडर की मदद से रक्षात्मक ड्राइविंग की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। कंपनी ने साईकिल से स्कूल जाने वाले 120 विद्यार्थियों को हेलमेट प्रदान कर उन्हें सुरक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। सर्वमंगला मंदिर के डायवर्सन से रिंग रोड पर भारी वाहनों के बढ़े दबाव को देखते हुए कंपनी ने रिश्दी से ध्यानचंद चौक तक की सड़क के जिर्णोद्धार सहित रिश्दी से रुमगढ़ा तक जगह-जगह पर चौड़ीकरण का किया गया। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने 6 किमी तक थर्मोप्लास्टिक मार्किंग सहित विभिन्न मार्गों पर 12 स्पीड ब्रेकर, कई जेब्रा क्रॉसिंग और 40 रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात किया है। कंपनी ने आग से बचाव के उपाय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किये। बालको की अग्नि सुरक्षा टीम सभी आपातकालीन परिस्थितियों में समुदाय के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। वित्त वर्ष 2024 में अग्निशमन विभाग ने 2 सौ से अधिक आपात स्थितियों का जवाब दिया है।




## छुट्टी होते ही स्कूली बच्चे पहुंच रहे हैं जंगल, कर रहे रिसर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मियों में परीक्षा ख़त्म होते ही लोग अपने घर से कहीं घूमने फिरने निकल जाते हैं लेकिन कोरबा के जंगलों में एक ऐसा प्रयोग हो रहा जिसमें अलग अलग कॉलेज के बच्चे किताबों में पढ़ने वाले ज्ञान का प्रयोग जंगलों में सीख रहे हैं।

ज़िले में किंग कोबरा प्रोजेक्ट चल रहा है जिसमे वन विभाग के मार्गदर्शन में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी की अध्ययन दल जंगलों के अलग अलग हिस्सों में इस दुर्लभ जीव किंग कोबरा और उनके रहवास पर अध्ययन कर रही हैं। ऐसे में कोरबा वनमंडल एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्राकृतिक प्रयोगशाला के तर्ज पर कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को इस प्रोजेक्ट टीम के साथ जंगलों में विभिन्न विषयों को सीखने का मौका दिया। पिछले कुछ महीनो में राज्य के अलग अलग विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले जूलॉजी, बॉटनी, मैनेजमेंट आदि विषयों के छात्र छात्राएं आये और किंग कोबरा टीम के साथ कई विषयों को जंगलों में सीखा। जिसमें जीवों की पारिस्थितिकी, वन्यजीव संरक्षण और उसमे विज्ञान का महत्व, पेड़ पौधों की पहचान करना, वन्यजीवों और उनके रहवास में सम्बन्ध आदि। इस सजीव प्रयोगशाला में वन विभाग के कर्मचारी वन एवं वानिकी के सम्बन्ध में बच्चों को जमीनी स्तर पर अवगत कराया जो बच्चे अपने पाठ्यक्रम में पढ़ते हैं। नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के एक्सपर्ट्स वन्यजीवों की पहचान करना, किंग कोबरा के साथ साथ अन्य जीवों के संरक्षण पर बच्चों को सिखाया। इस प्रोजेक्ट के दौरान बच्चों को स्थानीय समुदायों के साथ मिलने, उनके रहन-सहन और वनों का उनके दैनिक जीवन पर प्रभाव को समझ रहे हैं। गर्मियों में बच्चों को यह प्रयोगशाला पसंद आ रही हैं और कई दुर्लभ जीवों को देखने का मौका मिल रहा है। बच्चों का कहना था कि किंग कोबरा प्रोजेक्ट उन्हें ऐसा मौका दे रहा कि वे मोबाइल और लैपटॉप से अलग होकर कुछ पल प्रकृति की गोद में बिता रहे हैं।





जंगल में रिसर्च करते छात्र छात्राएं।

## लंबित एसडी और ईएमडी सहित कई मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के सिविल विभाग के मुख्य अभियंता जे एस बॉन्डे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय तिवारी, एसके वाजपेई, कार्यपालन अभियंता एके शर्मा व दीपक वर्मा से कोंट्रेस्क्टर एसोशिएसन ने मुलाकात की। इस दौरान कॉन्ट्रेक्टरर्श की लंबित धरोहर राशि, जमानत राशि सहित 2 वर्ष पूर्ण हो चुके कार्य पर एक्सीलेशन राशि प्रदाय करने को लेकर ऐसोशिएसन के अध्यक्ष धनंजय सिंह ने चर्चा की। चर्चा के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता सिविल ने जल्द ही लंबित प्रकरणों के निपटारे का आश्वासन दिया। इस दौरान कॉन्ट्रेक्टर एसोसिशन के अध्यक्ष धनंजय सिंह सहित राजेश सिंह, मनंजय सिंह, रविंदर सिंह, दिनेश साहू, सतीश गौतम सहित अन्य कॉन्ट्रेक्टर उपस्थित रहे।



## पृष्ठ 1 का शेष

### ठेकेदार काम...

पंच की भागीदारी से वर्कशॉप आयोजित किया जाए और सभी को पेयजल के उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाए। उन्होंने पीएचई के कार्यपालन अभियंता को जल जीवन मिशन के कार्यों को सतत समीक्षा करने और कार्य में आ रही समस्याओं को दूर करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, कटघोरा एवं कोरबा डिवीजन के एसडीओ, क्रेडा के कार्यपालन अभियंता, विभागीय इंजीनियर, तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

### बांगो बांध के...

बांध के बकेट व स्पिल-वे का सुधार नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से बांध पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। जिसे देखते हुए जल संसाधन विभाग ने इस बकेट व स्पिल-वे के मरम्मत कार्य के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन ने इस कार्य को मंजूरी देते हुए 13.5 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है और पिछले दो सालों से बांध के बकेट व स्पिल-वे का मरम्मत कार्य व सुधार का काम के लिए 8 बार टेंडर कॉल किया जा चुका है लेकिन बांघ के बकेट व स्लीप-वे को बनाने के लिए छत्तीसगढ़ के ठेकेदार योग्य नहीं हैं जिसके चलते कोई भी ठेकेदार टेंडर नहीं भर रहा है जिसके चलते इसका काम लगातार पिछड़ता ही जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मानें तो अब शासन को ग्लोबल टेंडर कराने के लिए पत्राचार किया गया है। यदि वहां से अनुमति मिलती है तो ग्लोबल टेंडर किया जाएगा जिसमें बकेट व स्लीप वे के सुधार कार्य के लिए ठेकेदार मिलेंगे।

### चिटफंड के डायरेक्टर...

खिलाफ अभी भी छत्तीसगढ़ में 6 मामले पेंडिंग थे। अबीर कुंडु की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही उसके मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### तेंदुए का...

गया। जिसे किसी वन्य प्राणी ने आधे से अघिक भाग खा लिया था। डॉग स्क्वाड की टीम आगे बढ़ते हुए घटनास्थल से लगभग 1 किलोमीटर दूर ग्राम भवरदा निवासी गोविंद उम्र 52 वर्ष पिता रामसिंह के घर जा धमका और फिर क्या था वन अमले की टीम ने गोविंद सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके बछड़े को किसी वन्य जीव ने हमला कर मार दिया था जिसकी वजह से वह आक्रोशित था और उसने अपने मृत बछड़े में फोरेट मिला दिया और जब तेंदुआ पुनः बछड़े का मांस खाने पहुंचा तो मांस खाने के कुछ ही क्षणों बाद उसकी मौत हो गई जिसके बाद गोविंद सिंह व लाल सिंह पिता गोविंद सिंह और दर्रीपारा निवासी राम प्रसाद पिता इतवारी सिंह तेंदुए के अंग को काटकर ले भागे थे। इस मामले में वन विभाग ने तीनों आरोपियों को वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है।

### राज्य शासन के...


रहा है और न ही सीएसआर से होने वाले व्यय की समीक्षा व सही जानकारी प्राप्त हो पा रही है। मंत्री श्री देवांगन ने सीएम विष्णुदेव साय से ध्यान आकृष्ट कराते हुए आग्रह किया कि सीएसआर का व्यय शासन स्तर पर किया जाए तो उद्योगों से प्रभावित लोगों की मूलभूत सुविधाओं में अभिवृद्धि हो पाएगी, साथ ही पर्यावरण को हो रहे नुकसान की भरपाई की जा सकी है। मंत्री श्री देवांगन ने सीएसआर मद से होने वाले व्यय व निर्माण कार्य राज्य शासन से संपादित करने और इस संबंध में स्पष्ट नीति नियम बनाने, भारत शासन से आवश्यक समन्वय करने का आग्रह किया है।

कोरबा मार्केट









## क्राइम फाइल

### मासूम के साथ छेड़छाड़, आरोपी की जमकर पिटाई

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। क्षेत्र में किराना दुकान का संचालन करने वाले अधेड़ ने घटना को अंजाम दिया है। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने अधेड़ की जमकर खबर ली और पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है,कि मासूम बच्ची दुकान में सामान खरीदने के लिए गई हुई थी,इसी दौरान संचालक ने उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। पूछताछ में बात सामने आई है,कि संचालक ने इससे पहले भी कई बच्चियों के साथ इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला के गले से रास्ते में गुमा सोने की हार

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार कुम्हारपारा निवासी कृष्णा लाल यादव अपनी पत्नी के साथ बाईक में सवार होकर ग्राम कटसिरा वैवाहिक कार्यक्रम में गये हुऐ थे। वहां से खाना खाकर वापस दोपहर 3 बजे वापस अपने बाईक से हरदीबाजार कुम्हार पारा आ गये। जब उसकी पत्नी की नजर अपने गले पर पड़ी तो होस उड़ गए। गले से सात नग लाकेट की माला गले से रास्ते में कही गिर गया है।

### करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

**कोरबा।** करंट की संपर्क में आने से एक कालेज छात्र की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी विकास नगर निवासी जितेश मधुकर कालेज का छात्र है। बुधवार की रात घर में कुछ तकनीकी अवरोध आने पर वह उसका सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान युवक करंट के संपर्क में आ गया और झटके खाने के साथ वह छटपटाते हुए मौके पर गिर पड़ा। जितेश को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फसल को चौपट कर हाथियों का झुण्ड पहुंचा सरहद पर, अलर्ट जारी



**कोरबा।** कोरबा व धरमजयगढ़ वनमंडल की सरहद पर 2 दर्जन हाथी विचरण कर रहे हैं। इस हाथी के झुण्ड ने बुधवार की रात उत्पात मचाते हुए कुदमुरा रेंज के गीतकुंवारी में ग्रामीणों के खेत पर लगे धान की फसल को चौपट कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला सुबह मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन करने में जुट गय। हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रूपए की चपत लगी है। हालांकि वास्तविक स्थिति सर्वे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में हाथियों का उत्पात पिछले कई दिनों से जारी है। हाथी यहां के जंगल में लगातार मौजूद रहकर ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फर रहे हैं। हाथियों के लगातार उत्पात से ग्रामीण दहशत में हैं उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई व एतमानगर वन परिक्षेत्र को हाथियों ने अपना बसेरा बना लिया है। यहां 4 दर्जन से अधिक की संख्या में हाथी मौजुद है। जिसमें से 13 हाथ्सी केंदई रेंज के कापानवापारा तथा 4 लालपुर में सक्रिय है। जबकि 32 हाथी एतमानगर के जंगलों में विचरण कर रहे हैं। राहत की बात है कि बड़ी संख्या में हाथियों की मौजुदगी के बावजूद कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचा रहे है।

## आक्रोशित वार्डवासियों ने नगर पालिका कार्यालय का किया घेराव

# जल संकटः कटघोरा के वार्ड क्रमांक 2 में पानी के लिए मचा हाहाकार



पानी के लिए प्रदर्शन करती महिलाएं।



अधिकारियों से चर्चा करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका के वार्ड क्र 2 के लोगों ने पानी की समस्या को लेकर नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं नगर पालिका कार्यालय पहुंची और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सीएमओ के नहीं होने पर सब इंजीनयर के आफिस के भीतर घुसकर नारेबाजी की गई। जिसे देखते हुए नगर पालिका के अधिकारियों ने जल्द से जल्द जल संकट को दूर करने का आश्वासन दिया है।

**खास बात**

- कार्यालय के भीतर पानी दो और नगर प्रशासन हाय हाय के लगे नारे

मई माह शुरू होते ही गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। दिन ब दिन तापमान का पारा बढ़ता ही जा रहा है। लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जल आपूर्ति को लेकर एक ओर शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में गर्मी में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। लोगों की समस्या के लिए जनप्रतिनिधियों का चयन किया गया था, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो, लेकिन वर्तमान में नगरवासी पानी जैसी समस्या से जूझ रहे हैं, पार्षद और अधिकारी अपनी अपनी राजनीति में मसगुल है। यही वजह है कि जल संकट को लेकर वार्ड क्रमांक 2 के लोगों ने मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित नगरवासी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे जहां महिलाओं ने नगर पालिका के इंजीनयर के आफिस में बैठकर जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति करने की बात कही। इंजीनयर ने नाराज वॉर्डवासियों को आश्वस्त किया कि गुरूवार की शाम तक पानी आपूर्ति बहाल हो जाएगी। इस दौरान वार्ड पार्षद ममता अग्रवाल वहां मौजूद रही।

**10 दिनों से पानी की बनी हुई है किल्लत**

इतनी गर्मी में नगर पालिका क्षेत्र के लगभग सभी वार्डों में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है वार्डों में नलों की टोटियां सुख गई है लोग पीने का पानी खरीदने के लोग मजबूर है ऐसे समय मे वार्डवासियों की समस्याओं के लिए पार्षद की निष्क्रियता तथा नगर पालिका अधिकारी के गैरजिम्मेदाराना रवैये को लेकर वार्डवासी जिम्मेदार अधिकारियों से मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की मांग कर रहे है। वहीं लोगों ने बताया कि पानी की बहुत ज्यादा किल्लत है 10 दिनों से पीने की लिए पानी भी नसीब नही हो रहा हैं।

**शिकायत कर थक चुके वार्डवासी**

वॉर्डवासियों ने बताया कि वार्ड के सैकड़ों परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं। वार्ड का नलकूप खराब होने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था से मिलने वाला पानी भी बंद हो गया है। नगर पालिका अधिकारी से शिकायत कर थक चुके हैं आम नागरिक पानी की व्यवस्था के लिए परेशान हैं। जिनके घरों में मोटर लगा है उनका तो काम चल जा रहा है लेकिन नलजल के भरोसे रहने वाले पानी खरीद कर पी रहे हैं। वार्डवासी हसन अली ने कहा कि पिछले कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है।



खदान का निरीक्षण करते अधिकारी।

# ईएसी कमेटी के सदस्यों ने गेवरा हाउस में ली बैठक, दिया दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दौरे पर आए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ईएसी (कोल) कमेटी के सदस्यों ने एसईसीएल सीएमडी की उपस्थिति में गेवरा हाउस में एसईसीएल के मेगा परियोजनाओं दीपका, गेवरा, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र में विस्तार योजनाओं व पर्यावरण संरक्षण को लेकर उपायों की समीक्षा की गई।

गुरूवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ईएसपी कमेटी के सदस्यों डॉ.शरद सिंह नेगी, आईएफ़एस ((सेवानिवृत्त), चेयरमैन, ईएसी (कोल), प्रोफेसर श्याम शंकर सिंह, सदस्य, ईएसी कोल, अमित वशिष्ठ, सदस्य सचिव ईएसी (कोल) एवं डॉ.पसुपाला रवि, वैज्ञानिक डीआईआरओ, रायपुर द्वारा सीएमडी डॉ.प्रेमसागर मिश्रा की उपस्थिति में गेवरा क्षेत्र अंतर्गत गेवरा हाउस में एसईसीएल की तीन मेगापरियोजनाओं गेवरा, दीपका, एवं कुसमुंडा तथा कोरबा क्षेत्र की समीक्षा की। बैठक के दौरान परियोजनाओं की विस्तार योजना के बारे में चर्चा की गई एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जाने वाले उपायों की भी समीक्षा की गई। बैठक में तीनों मेगापरियोजनाओं के महाप्रबंधक एसके मोहंती, क्षेत्रीय महाप्रबंधक गेवरा, अमित सक्सेना, क्षेत्रीय महाप्रबंधक दीपका, राजीव सिंह क्षेत्रीय महाप्रबंधक कुसमुंडा तथा दीपक पंडया, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा एवं एसईसीएल मुख्यालय से बीके जेना महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष, पर्यावरण एवं वन उपस्थित रहे। बैठक से पहले कमेटी के सभी सदस्यों एवं सीएमडी डॉ.प्रेम सागर मिश्रा द्वारा गेवरा हाउस प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया।

**कुसमुंडा खदान भी गए**

गेवरा हाउस में बैठक के पश्चात ईएसी (कोल) कमेटी के सदस्यों ने कुसमुंडा खदान का दौरा किया एवं खदान में उतरकर खनन गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही कोर टीम से चर्चा कर खदान की विस्तार योजना एवं पौधरोपण सहित पर्यावरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

# अप्पू गार्डन के वेवपूल में हंगामा, अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वेवपूल जहां हुआ था हंगामा।

विगत दिनों अप्पू गार्डन के वेवपूल में अज्ञात युवकों ने जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में निगम आयुक्त की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत निगम द्वारा विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) का संचालन किया जाता है जिसमें गर्मी के दिनों में वेवपूल का संचालन किया जा रहा है। 12 मई को वेवपूल के संचालन के दौरान दोपहर 12:30 बजे कुछ अज्ञात उत्पाती युवकों द्वारा बिना टिकट लिये मेनगेट के दरवाजे को जबरन धक्का देकर तथा दिवाल फांदकर गार्डन अंदर घुस गए तथा आपस में मारपीट करते हुए हुड़दंग मचाने मचाते हुए गार्डन अंदर लगे गमलों को उठाकर टाईल्स में पटक दिये एवं गाली गलौच करने लगे। जिससे नगर पालिक निगम को आर्थिक क्षति हुई है एवं शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। निगम आयुक्त की लिखित शिकायत पर सीएसईबी चौकी पुलिस ने अज्ञात हंगामेबाजों के खिलाफ धारा 294,186,426,427,34 एवं 3 सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है। बताया जाता है कि गार्डन में लगे सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों का नामजद अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार करेगी।

### मालवाहक गाड़ियों में बैठा रहे सवारी, नहीं हो रही कार्रवाई

**कोरबा।** जिले में वाहन चालकों की लापरवाही से लगातार हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद वे लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर के चौक-चौराहे से मालवाहक गाड़ियों में सवारी ढोए जा रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है। बावजूद इन लापरवाह चालकों पर यातायात पुलिस की नजर नहीं पड़ रही है। यातायात पुलिस द्वारा इन पर कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही है। जिले की सडक़ों में माल वाहक वाहनों में सवारी होना आम बात है। मालवाहक गाड़ी के पीछे सवारी बैठा दिया जा रहा है। इसमें भी ट्राली में भीड़ इतनी खचाखच भरी हुई थी कि कुछ लोगों को ट्राली पर लटककर बैठना पड़ता है। वाहन में बच्चे भी सवार रहते हैं। कुछ इसी तरह का नजारा पावर हाउस नहर पुल से होकर संजय नगर रेलवे फाटक के पास देखने को मिला। जबकि रेलवे फाटक की सडक़ जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा कई मुख्य मार्ग और गली-मोहल्ले की सडक़ पर स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं।

# कलेक्टर ने गेवरा कोल माइन्स का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



खदान का निरीक्षण करते कलेक्टर व अन्य।

कलेक्टर अजीत वसंत ने मेगा परियोजना गेवरा कोयला खदान का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने खदान में किए जाने वाले कोयला उत्खनन, आधुनिक मशीनों के माध्यम से सतह स्तरीय माइनिंग की प्रक्रिया, डम्फरों और माल गाड़ी के माध्यम से कोयले का परिवहन सहित कोयले का भण्डारण, साइलो और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**खास बात**

- समय पर टैंकर से पानी आपूर्ति और सड़कों पर नियमित छिड़काव के दिए निर्देश

कलेक्टर ने गेवरा खदान के व्यू पॉइंट से माइन्स की गतिविधियों को देखने के अलावा एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रबंधन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसईसीएल प्रभावित क्षेत्रों की सड़कों में नियमित पानी का छिड़काव किया जाए। इसके साथ ही प्रभावित ग्रामों में पेयजल की समस्या को दूर करने टैंकरों के माध्यम से जल की आपूर्ति की जाए। कलेक्टर ने सुबह 8 से 10 बजे के बीच पानी की आपूर्ति टैंकर के माध्यम से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोयला खदानों में हैवी ब्लास्टिंग पर नियंत्रण रखने और अति आवश्यक होने पर सीमित ब्लास्टिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने परियोजना के विस्तार, पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे उपाय,पौधरोपण, सीएसआर गतिविधियों, भू-अर्जन,राजस्व प्रकरण,पुनर्वास एवं रोजगार प्रकरणों से सम्बंधित समस्याओं एवं समाधान पर चर्चा कर एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, मेगा परियोजना गेवरा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एस के मोहंती,एसडीएम कटघोरा सरोज महिलांगे उपस्थित थे।

# तीन अलग-अलग मकानों में चोरों का धावा, आभूषण ले भागे चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों में मकानों में ताला तोड़कर चोरी की घटना सामने आयी है। जहां चोरों ने तीनों स्थानों से सोने चांदी के जेवरातों सहित अन्य सामानों की चोरी की है। तीनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने तीनों ही मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरसियां निवासी बादल सिंह उम्र 33 वर्ष पिता बिन्देश्वरी सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 मई को वह अपने परिवार के साथ विवाह कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गये थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर मकान में रखे फ्रीज, कूलर, टीवी, चांदी की पायल, सोने का मंगलसूत्र एवं सोने की कान की बाली तथा नगदी 35 हजार रुपए सहित अन्य सामानों की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरीकला के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद साहू मोहल्ला निवासी रामशरण 10 मई की रात्रि लगभग 11 बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोया था। रात्रि लगभग 3 बजे अचानक नींद खुलने पर उसने देखा कि गली का दरवाजा खुला है, स्कूटी बाहर में खडी है, तब चोरी का शंका होने से अपने आसपास को देखा और बेड में मोबाईल नहीं था, आलमारी का लाकर टूटा हुआ था, लाकर में रखे एक सोने के चेन, चांदी का पायल एवं नगदी रकम 15 हजार को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। तीसरी चोरी की घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र में घटित हुई है। यहां निवासरत स्वाति वाल्मिकी आरटीओ का काम करती है तथा स्वाति का पति बीमा कंपनी में रिकवरी का काम करता है।

4 अप्रैल को लगभग 10.30 बजे घर में ताला लगाकर वह अपने काम में चली गई। इसी दौरान उसके घर से किसी अज्ञात चोर ने सोने का हार एवं नगदी 10 हजार रुपए को पार कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# चालक को आई झपकी ट्रेलर गिरा नाले में



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की गेवरा खदान जाने निकला एक ट्रेलर लक्ष्मण नाला में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि चालक और क्लीनर को चोटें नहीं आई। वहीं वाहन के खाली होने से मालिक को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मण नाला के समीप हुई है। ट्रेलर क्रमांक सीजी-12 डीएम-4515 को लेकर उसका चालक एसईसीएल की गेवरा माइंस जा रहा था। वहां से इस पर कोयला लोड कर गंतव्य को जाना था। इससे पहले ही ट्रेलर हादसे का शिकार हो गया। लक्ष्मण नाला क्षेत्र से गुजरने के दौरान चालक को एकाएक झपकी आ गई। इससे वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और रेलिंगविहिन नाले में जा गिरा। हालांकि घटना में चालक और उसके क्लीनर को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने इस क्षेत्र का जायजा लिया। इसके बाद नाले में गिरे ट्रेलर को निकाला गया।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय कोरबा में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान: हरिभूमि कार्यालय
प्रेस काम्पलेक्स टी.पी. नगर कोरबा
मो. 7581808267

